झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी०/76/23 – 54 ,राँची/दिनांकः 17 /08/2023

Bridge Course Programme में नामांकन हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के प्रवेश–पत्र (Admit Card) से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी पद पर चयन के लिए Bridge Course Programme में नामांकन हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2023 में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा दिनांक–20.08.2023 (रविवार) को राँची जिला मुख्यालय स्थित 08 परीक्षा केन्द्रों पर पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक ऑफलाईन मोड में आयोजित की जायेगी। तद्नुसार, पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in पर "Click Here for All online application Submission-JCECEB 2023" टैब पर Click कर परीक्षा का सही विकल्प चुनते हुए Login कर "Download Online Admit Card" पर Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए अपना प्रवेश–पत्र (Admit Card) डाउनलोड कर सकते है। आवेदकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में भरे गये विवरणियों के आधार पर प्रवेश पत्र औपबंधिक रूप से जारी किया गया है। आवेदकों द्वारा अहर्त्ता मापदंडो को पूरा नहीं किए जाने की स्थिति में उनकी अभ्यर्थिता रद्द समझी जायेंगी। परीक्षा समाप्ति के पूर्व प्रवेश–पत्र (Admit Card) का लेमिनेशन नहीं करावें।

प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी के अन्य विवरणी भी अंकित है यथा नाम, पिता एवं माता का नाम, कोटि, जन्म–तिथि आदि जिसकी भली–भाँति जाँच/मिलान कर लें। यदि इन विवरणी/विवरणियों की प्रविष्टियों में किसी प्रकार के संशोधन या सुधार की आवश्यकता हो तो एक स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र सप्रमाण **झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834010** के पते पर **दिनांक–23.08.2023 के अपराह्न 05.00 बजे** तक कार्यालय में हाथों–हाथ/E-mail-(controller.jceceb@gmail.com) के माध्यम से जमा करना/भेजना सुनिश्चित किया जाय ताकि उसके आधार पर संबंधित संशोधन किया जा सके। उक्त निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा तथा **इसके लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।**

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा०प्र०से०)
उप परीक्षा नियंत्रक